राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र कुलधरा के पुरातन वैभव की झलक पाकर हुए अभिभूत

जयपुर, 29 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सरहदी जिले जैसलमेर के प्राचीन पाली वालों की सभ्यता के प्रतीक कुलधरा गांव का दौरा किया और पुरातन लोकजीवन और संस्कृति से जुड़े अवशेषों तथा इनकी झलक दिखाने वाले भवनों को देखा तथा बेहद अभिभूत हो उठे।

राज्यपाल ने कुलधरा क्षेत्र का अवलोकन करते हुए पालीवाल संस्कृति और प्राचीन सभ्यता के अवशेषों को देखा और इनके सभी पक्षों के बारे में जानकारी ली।

राज्यपाल ने पालीवालों के प्राचीन गांव कुलधरा के मकानों के अवशेषों तथा पालीवाल सभ्यता की झलक, विकसित भवनों तथा अवशेषों आदि के साथ ही क्षेत्र की भौगोलिक स्थितियों ,रहन सहन, भवन निर्माण कला, लोकसंस्कृति तथा परिवेशीय विलक्षणताओं के बारे में जानकारी ली ।

कुलधरा विकास से जुड़े जैसलमेर विकास समिति के सचिव चंद्रप्रकाश व्यास और ऋषि दत्त पालीवाल ने कुलधरा के प्राचीन इतिहास और पाली वालों से संबंधित पुरातन परंपराओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

कुलधरा की लोक संस्कृति और परंपराओं तथा पालीवालों की प्राचीन सभ्यता को देखकर राज्यपाल अभिभूत हो उठे।

इस दौरान जिला कलेक्टर नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ किरण कंग और प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने कुलधरा के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इससे पूर्व कुलधरा पहुंचने पर राज्यपाल का भव्य स्वागत किया गया।

कुलधरा में बड़ी संख्या में जमा पर्यटकों ने भी राज्यपाल का अभिवादन कर स्वागत किया।

इसके प्रत्युत्तर में राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकारा।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल